नया इंडिया राजस्थान

भीलवाड़ा

# निकाय आरक्षण की स्थिति साफः भीलवाड़ा को मिलेगी पहली निर्वाचित महिला मेयर

**5 में सामान्य वर्ग , 4 में महिला (सामान्य) तथा 1 निकाय में ओबीसी से चेयरमैन का पद तय।**




**भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र**

प्रदेश के 309 शहरी निकायों में निकाय प्रमुखों के पदों के लिए स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर में निकाली गई आरक्षण की लॉटरी के साथ ही भीलवाड़ा जिले का राजनीतिक परिदृश्य पूरी तरह स्पष्ट हो गया है। इस घोषणा के साथ ही क्षेत्र में नगर निगम के पहले निर्वाचित मेयर और विभिन्न नगर पालिकाओं के चेयरमैन पद के लिए दावेदारों ने अपनी गोटियां बिछानी शुरू कर दी हैं। राज्य सरकार द्वारा हाल ही में क्रमोन्नत कर बनाई गई भीलवाड़ा नगर निगम में यह ऐतिहासिक क्षण होगा, जब शहर की कमान पहली बार एक निर्वाचित महिला मेयर के हाथों में होगी। इससे पूर्व नगर परिषद से निगम में क्रमोन्नति के समय प्रशासनिक व्यवस्था के तहत पहला मेयर बनने का गौरव राकेश पाठक को प्राप्त हुआ था। आरक्षण लॉटरी के गणित के अनुसार, भीलवाड़ा जिले के कुल 11 निकायों में शक्ति संतुलन को बेहद दिलचस्प ढंग से विभाजित किया गया है। इसमें 5 निकायों में सामान्य वर्ग , 4 निकायों में महिला (सामान्य) तथा 1 निकाय में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से चेयरमैन का पद तय किया गया है। नगर निगम भीलवाड़ा का शीर्ष पद महिला वर्ग के लिए आरक्षित होने से जहां महिला पार्षदों व राजनीतिक कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है, वहीं प्रमुख राजनीतिक दलों को अब अपने महिला नेतृत्व को मजबूती से आगे लाने की रणनीति बनानी होगी। जिले की अन्य नगर पालिकाओं के आरक्षण आवंटन पर दृष्टि डालें तो आसींद, बनेड़ा, जहाजपुर, बीगोद और शाहपुरा में चेयरमैन का पद सामान्य वर्ग के लिए रखा गया है, जहां किसी भी वर्ग के प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। इसके विपरीत बिजौलियां, गंगापुर, गुलाबपुरा और मांडलगढ़ नगर पालिकाओं में चेयरमैन की कमान महिलाओं के हाथों में होगी। वहीं, हमीरगढ़ नगर पालिका में चेयरमैन का पद अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षित किया गया है। गौर करने योग्य बात यह है कि बनेड़ा, बिजौलियां, हमीरगढ़ और बीगोद जैसी नवसृजित नगर पालिकाओं में पहली बार आरक्षण का यह ढांचा तय हुआ है, जिससे स्थानीय राजनीति में नए समीकरण उभरकर सामने आएंगे।

## कलेक्ट्रेट में 17 को निकलेगी वार्डों और प्रधान पदों की लॉटरी

निकाय प्रमुखों का आरक्षण तय होने के बाद अब सभी की निगाहें 17 अगस्त को होने वाली वार्डवार आरक्षण प्रक्रिया पर टिक गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि भीलवाड़ा नगर निगम सहित जिले की 10 नगर पालिकाओं के पार्षद पदों के आरक्षण की लॉटरी 17 अगस्त को प्रातः 9:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में निकाली जाएगी। इसके अतिरिक्त, उसी दिन दोपहर 2:30 बजे जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों तथा विभिन्न पंचायत समितियों के प्रधान पदों के आरक्षण की लॉटरी भी कलेक्ट्रेट सभागार में ही संपन्न होगी। इस प्रशासनिक प्रक्रिया के पूरी होते ही जिले में पंचायतीराज और नगरीय निकाय चुनावों का चुनावी बिगुल पूरी तरह से बज जाएगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत

**भीलवाड़ा।** बिजौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत डोबिया गांव के पास बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में एक असहाय मजदूर की मौत हो गई। तेज रफ्तार और अनियंत्रित यातायात के कहर ने एक बार फिर एक परिवार का संबल छीन लिया। जानकारी के अनुसार, सतकुड़िया निवासी 35 वर्षीय फूलचंद रैगर पुत्र मजदूरी का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। बुधवार रात्रि वह तिलस्वां की तरफ से अपनी बाइक पर सवार होकर शांतिपूर्वक अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान डोबिया चौराहे के समीप एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि फूलचंद गंभीर रूप से चोटिल हो गया और उसने घटनास्थल पर ही तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। दुर्घटना के पश्चात आरोपी वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार होने में कामयाब रहा। सूचना मिलते ही स्थानीय राहगीरों की सहायता से एम्बुलेंस और बिजौलिया पुलिस दल तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर शव को अपने कब्जे में लिया तथा अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू की।

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर उठी जनाक्रोश की आवाज

**भीलवाड़ा।** अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस एवं कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ (कांग्रेस कमेटी) के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को श्रमिकों, कच्ची बस्तियों और वंचित वर्गों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु एक विशाल जनाक्रोश रैली निकाली गई। प्रदेशाध्यक्ष भरत मेघवाल के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और जिला कलेक्टर को 11 सूत्रीय मांग-पत्र सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की। रैली का संयोजन कन्हैयालाल रेगर, राकेश देसाई, मुकेश घुसर और कश्मीर मोहम्मद शेख द्वारा किया गया। ज्ञापन में सफाई कर्मचारियों की स्थायी भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने, कांवाखेड़ा, जगजीवन रामनगर और वाल्मीकि बस्ती सहित विभिन्न क्षेत्रों के निवासियों को आवासीय पट्टे देने और मूलभूत सुविधाएं बहाल करने की प्रमुख मांग रखी गई।

## उपेक्षा का शिकार मालीपुरा-थडोदा सड़कः गड्ढों से सहमा बचपन

**बिजोलिया ■ संवाद सूत्र**

क्षेत्र के मालीपुरा से थडोदा को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग पिछले लंबे समय से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। लोक निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन की उपेक्षा के कारण इस सड़क का अस्तित्व पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुका है। मार्ग की जर्जर हालत के चलते रोजाना यहां से गुजरने वाले स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, राहगीरों और दुपहिया वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर तय करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, यह सड़क दर्जनों गांवों को आपस में जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं इसी खस्ताहाल रास्ते से होकर विद्यालय पहुंचते हैं। सड़क पर बिखरे नुकीले पत्थरों और गहरे गड्ढों के कारण अक्सर मासूम बच्चे दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल हो रहे हैं। वहीं, बुजुर्गों और पैदल यात्रियों के लिए इस मार्ग से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं है। मानसून के दौरान यह समस्या और अधिक विकराल रूप धारण कर लेती है। जलभराव के कारण गड्ढों का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे वाहन चालक अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि समस्या का त्वरित एवं स्थायी समाधान करते हुए सड़क का डामरीकरण जल्द से जल्द करवाया जाए, ताकि आमजन को इस दैनंदिन मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न से मुक्ति मिल सके।

## फटाफट

### संजय कॉलोनी महिला मंडल का सावन उत्सव, झूमीं सखियां, हरियाली का दिया संदेश



**भीलवाड़ा ।** सावन की हरियाली और हरियाली अमावस्या के उल्लास के बीच रिमझिम बारिश के सुहाने मौसम में संजय कॉलोनी महिला मंडल की महिलाओं ने उल्लास, संस्कृति और आत्मीयता से भरपूर सावन महोत्सव मनाया। पारंपरिक हरे परिधानों में सजी सखियों ने नृत्य, रोचक खेल, प्रश्नोत्तरी और हरियाली अमावस्या के पर्व को यादगार बना दिया। महिला मंडल की अध्यक्ष अनुपमा मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम में आयोजित लकी पोटली गेम में रितु अजमेरा प्रथम, अर्चना असावा द्वितीय और अंजू बांगड़ तृतीय रहीं। वहीं एक्टिविटी गेम में संगीता मुंदड़ा ने पहला, आशा राठी ने दूसरा तथा जागृति माहेश्वरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रीन वस्तुओं के नाम प्रतियोगिता में अंकिता मूंदड़ा प्रथम, स्वीटी पोरवाल द्वितीय और रेणु कोगटा तृतीय रहीं। सचिव मधु हिंगड़ ने बताया कि सावन विषयक प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई, कार्यक्रम में करीब 20 सखियां 'ग्रीन रानी' बनकर पहुंचीं, जिन्हें आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संरक्षक मधु लढा ने "एक पौधा लगाओ, हरियाली और प्रकृति बचाओ" का आह्वान किया। संचालन शिवानी समदानी और मीता अटल ने प्रभावी एंकरिंग से किया, जबकि प्रियंका मालू और अदिति लढा ने रोचक खेलों का संचालन किया। आयोजन में जतन हिंगड़, आशा डाड, अनिता नौलखा, इंद्रा भदादा, सरोज समदानी, मंजू दरक, पुष्पा मुंदड़ा, डिम्पल डाड, कोमल सोनी सहित कुल 65 सदस्याएं उपस्थित रही।

### वनवासी कल्याण आश्रम की राष्ट्रीय बैठक भीलवाड़ा में

**भीलवाड़ा।** वनवासी कल्याण आश्रम की छह दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की कार्यकर्ता बैठक का आयोजन इस वर्ष भीलवाड़ा में होने जा रहा है। 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक चलने वाले महामंथन में देशभर से 350 से अधिक केंद्रीय प्रतिनिधि और वरिष्ठ कार्यकर्ता शिरकत करेंगे।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह: पुलिस लाइन मैदान में फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न, जिला कलेक्टर ने लिया जायजा

**भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र**





स्वाधीनता दिवस के जिला स्तरीय मुख्य समारोह के गरिमापूर्ण आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। इस राष्ट्रीय पर्व को हर्षोल्लास व पूर्ण अनुशासन के साथ मनाने की कड़ी में गुरुवार को पुलिस लाइन मैदान में अंतिम 'फुल ड्रेस रिहर्सल' का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने स्वयं मौके पर पहुंचकर संपूर्ण व्यवस्थाओं और पूर्वाभ्यास का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। रिहर्सल के दौरान मुख्य समारोह के निर्धारित मिनिट-टू-मिनिट कार्यक्रम के अनुसार ध्वजारोहण, शानदार मार्च पास्ट, परेड का निरीक्षण, सलामी तथा सांस्कृतिक व व्यायाम प्रदर्शनों का पूर्वाभ्यास किया गया। विभिन्न सुरक्षा बलों की टुकड़ियों ने अनुशासित परेड का प्रदर्शन किया, वहीं स्कूली विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों का अभ्यास कर मैदान को राष्ट्रीय चेतना के रंगों से सराबोर कर दिया। तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर संधू ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस देश के गौरव और सम्मान का प्रतीक है, इसलिए समारोह में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा सुरक्षा प्रबंधों को समय रहते त्रुटिहीन बनाने पर बल दिया। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें ताकि समारोह सुव्यवस्थित और भव्य रूप में संपन्न हो सके। इस अवसर पर प्रशासन एवं पुलिस विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहे। इनमें अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) सुश्री हरीतिमा, एडीएम सिटी श्रीमती प्रतिभा देवटिया, एडिशनल एसपी राजेश आर्य, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रभान सिंह भाटी, नगर विकास न्यास के ओएसडी पुनीत गेलरा, नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी तथा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती अरुणा गारू सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन आज

**भीलवाड़ा।** वन विभाग द्वारा "मिशन हरियालो" अभियान से प्रेरित जिला स्तरीय वन महोत्सव 2026 का आयोजन शुक्रवार को प्रातः 8:00 बजे हरणी महादेव नर्सरी, (स्मृति वन के पास) में किया जाएगा। उप वन संरक्षक मारिया शाइन ने बताया कि वन महोत्सव के माध्यम से जिले में पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा अधिकाधिक पौधरोपण के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को पौधरोपण के लिए प्रेरित करते हुए प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

## पुर में चरमराई बिजली व्यवस्था, बारिश और तेज हवा से घंटों गुल हो रही बिजली

**भीलवाड़ा।** जिले के पुर क्षेत्र में विद्युत वितरण व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। हल्की बारिश और हवा चलते ही आपूर्ति कई-कई घंटों के लिए ठप हो जाती है, जिससे स्थानीय निवासियों को गांवों से भी बदतर परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि विद्युत आपूर्ति प्रदान कर रही सिक्योर कंपनी द्वारा 24 घंटे निर्बाध बिजली का दावा कर भारी शुल्क वसूला जा रहा है, लेकिन धरातल पर सेवाएं बेहद निराशाजनक हैं। क्षेत्र में अव्यवस्था का मुख्य कारण 33 केवी, 11 केवी तथा एलटी लाइनों को छू रही पेड़-पौधों की टहनियां हैं, जिनकी समय पर छंटाई (ट्रिमिंग) नहीं की जाती।


**टाइटन बायोटेक लिमिटेड**

**CIN:** L74999RJ1992PLC013387

**पंजीकृत कार्यालय:** A-902 A, रीको औद्योगिक क्षेत्र, फेज III, भिवाड़ी, राजस्थान – 301019

**फोन नं.:** 011-71239900 | **ई-मेल:** hrd@titanbiotechltd.com

**वेबसाइट:** www.titanbiotechltd.com

**30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन अनअंकेक्षित वित्तीय निष्कर्षों का विवरण**

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़कर

| क्रम सं. | विवरण | स्टैन्डलोन | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष |
| | | 30.06.2026 | 31.03.2026 | 30.06.2025 | 31.03.2026 |
| | | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालन से कुल आय (शुद्ध) | 6,097.92 | 5,093.99 | 4,721.86 | 21,160.05 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ (टैक्स, असामान्य एवं/या असाधारण मदों से पूर्व) | 1,273.42 | 1,028.17 | 811.21 | 3,817.45 |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ कर पूर्व (असामान्य एवं/या असाधारण मदों के पश्चात) | 1,273.42 | 1,028.17 | 811.21 | 3,817.45 |
| 4 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ कर पश्चात (असामान्य एवं/या असाधारण मदों के पश्चात) | 945.59 | 655.57 | 616.08 | 2,744.72 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ (टैक्स पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (टैक्स पश्चात) को सम्मिलित करते हुए) (नोट 3 देखें) | 943.31 | 641.44 | 617.91 | 2,736.07 |
| 6 | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (रु. 2/- प्रति शेयर का सममूल्य) | 826.37 | 826.37 | 826.37 | 826.37 |
| 7 | बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी | - | - | - | 16,257.78 |
| 8 | प्रति शेयर आय (रु. 2/- प्रत्येक) | | | | |
| | (a) बेसिक | 2.29 | 1.59 | 7.46 | 6.64 |
| | (b) डायल्यूटिड | 2.29 | 1.59 | 7.46 | 6.64 |

**30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय निष्कर्षों का विवरण**

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़कर

| क्रम सं. | विवरण | कंसोलिडेटेड | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष |
| | | 30.06.2026 | 31.03.2026 | 30.06.2025 | 31.03.2026 |
| | | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालन से कुल आय (शुद्ध) | 6,097.92 | 5,093.99 | 4,721.86 | 21,160.05 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (टैक्स, असामान्य एवं/या असाधारण मदों से पूर्व) | 1,273.42 | 1,028.17 | 811.21 | 3,817.45 |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (असामान्य एवं/या असाधारण मदों के पश्चात) | 1,273.42 | 1,028.17 | 811.21 | 3,817.45 |
| 4 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (असामान्य एवं/या असाधारण मदों के पश्चात) | 1,085.68 | 672.91 | 686.28 | 2,988.52 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/(हानि) (टैक्स पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (टैक्स पश्चात) को सम्मिलित करते हुए) (नोट 3 देखें) | 1,083.36 | 658.61 | 688.11 | 2,979.70 |
| 6 | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (रु. 10/- प्रति शेयर का सममूल्य) | 826.37 | 826.37 | 826.37 | 826.37 |
| 7 | बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी | - | - | - | 17,328.38 |
| 8 | प्रति शेयर आय (रु. 10/- प्रत्येक) | | | | |
| | (a) बेसिक | 2.63 | 1.63 | 8.30 | 7.23 |
| | (b) डायल्यूटिड | 2.63 | 1.63 | 8.30 | 7.23 |

**नोट्स :**

1 उपरोक्त, सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत 30.06.2026 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन एवं कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय निष्कर्षों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है, जो BSE लिमिटेड के पास दाखिल किया गया है। उक्त 30.06.2026 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन एवं कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय निष्कर्षों का पूर्ण प्रारूप BSE लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** तथा कंपनी की वेबसाइट **www.titanbiotechltd.com** पर उपलब्ध है।

2. 30.06.2026 को समाप्त तिमाही के लिए उपरोक्त स्टैंडअलोन एवं कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय निष्कर्षों की ऑडिट समिति द्वारा समीक्षा की गई तथा कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 13 अगस्त, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में इसे अभिलेख पर लिया गया। कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुसार सीमित समीक्षा की गई है। 30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के निष्कर्ष BSE लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** तथा कंपनी की वेबसाइट **www.titanbiotechltd.com** पर उपलब्ध हैं।

3. स्टैंडअलोन एवं कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय निष्कर्षों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत कंपनीज (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015, यथासंशोधित, में निर्दिष्ट भारतीय लेखांकन मानकों ('Ind AS') के अनुसार तैयार किया गया है, जो भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत हैं।

4. चालू वर्ष में GST को छोड़कर बिक्री की गणना के उद्देश्य से माल-भाड़े की राशि को प्रचालन से राजस्व में जोड़ा गया है। चालू वर्ष में राजस्व में इसके शामिल किए जाने के प्रभाव को निष्प्रभावी करने के लिए माल-भाड़े को अन्य व्ययों के कुल योग में भी जोड़ा गया है।

**निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से**
**कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड**

**नरेश कुमार सिंगला**
**प्रबंध निदेशक**
**DIN-00027448**

**स्थान : दिल्ली**
**दिनांक : 13.08.2025**


## सवाईपुर में लहराया 131 फीट का तिरंगाः 700 विद्यार्थियों की भव्य यात्रा ने बनाया नया कीर्तिमान

**भीलवाड़ा।** राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशानुसार 'आजादी के अमृत महोत्सव' के अंतर्गत संचालित 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत गुरुवार को सवाईपुर कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वारा एक ऐतिहासिक एवं भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का मुख्य आकर्षण 131 फीट लंबा विशालकाय तिरंगा रहा, जिसे देखने और जिसके साथ सेल्फी लेने के लिए ग्रामीणों व युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। सरकारी विद्यालय द्वारा इतनी अधिक लंबाई का ध्वज शामिल कर क्षेत्र में एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया गया है। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ पूर्व सरपंच अमरचंद गाडरी एवं प्रधानाचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने विद्यालय प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर किया। मुख्य अतिथि अमरचंद गाडरी, शांति लाल आचार्य, गोविंद प्रजापत एवं अभिषेक श्रोत्रिय का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। यह यात्रा विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर तेजाजी चौक, सालरिया मार्ग, बड़ा मंदिर, गाडरी मोहल्ला, विद्युत ग्रेड, भगवा सर्किल और मुख्य बस स्टैंड से होती हुई पुनः विद्यालय परिसर में संपन्न हुई।

## आकोला में मिले पगमार्क, वन विभाग ने जताई जरख की संभावना

**भीलवाड़ा।** जिले केसवाईपुर क्षेत्र के चांदगढ़ और आसपास के इलाकों में पिछले कुछ दिनों से एक अज्ञात वन्यजीव की सक्रियता के कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। रात के अंधेरे में मवेशियों को निशाना बनाने वाले इस जानवर का मूवमेंट अब बनास नदी के दूसरे किनारे अकोला गांव तक पहुंच गया है। बीती बुधवार रात्रि अकोला-गेगा का खेड़ा मार्ग पर स्थित छल माता मंदिर के पीछे नई आबादी (भैरू खेड़ा) में देवीलाल भाट के बाड़े में इस अज्ञात जानवर के पगमार्क (पदचिह्न) देखे गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दौरान जानवर ने किसी मवेशी को नुकसान नहीं पहुंचाया। घटना की सूचना तुरंत ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दी गई। कोटड़ी के कार्यवाहक वनपाल कमलेश रेगर ने बताया कि चांदगढ़ के बाद अकोला में मिले पगमार्क के आधार पर इस वन्यजीव के जरख (लकड़बग्घा) होने की प्रबल संभावना है।